# कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल की तेईसवीं बैठक की कार्यवाही विवरण

कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के प्रबन्ध मण्डल की तेईसवीं बैठक दिनांक 19 जून, 2024 (बुधवार) को दोपहर 2.30 बजे प्रो. ए. के. व्यास, माननीय कुलपति की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्न वर्णित अधिकारियों ने भाग लिया : –

1. डॉ. (प्रो.) ए.के. व्यास, माननीय कुलपति एवं अध्यक्ष, प्रबन्ध मण्डल
2. डॉ. सीता राम शर्मा, परीक्षा नियंत्रक एवं प्रमुख वैज्ञानिक (शिक्षा अनुभाग) ऑनलाईन
   (प्रतिनिधि –भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली)
3. श्रीमति उर्मिला राजोरिया, संभागीय आयुक्त, कोटा संभाग कोटा ऑनलाईन
   (प्रतिनिधि – प्रमुख शासन सचिव, वित्त, राजस्थान सरकार, पदेन सदस्य)
   श्री रोहित दीक्षित, वरिष्ठ लेखाधिकारी, सी.ए.डी., कोटा
   (प्रतिनिधि – प्रमुख शासन सचिव, वित्त, राजस्थान सरकार, पदेन सदस्य)
4. डॉ. आई. बी. मौर्य, अधिष्ठाता, उ.वा.महा., झालावाड, सदस्य, प्रबन्ध मण्डल
5. डॉ. प्रताप सिंह, निदेशक अनुसंधान, कृ.वि., कोटा, सदस्य, प्रबन्ध मण्डल
6. डॉ. डी.के. सिंह, प्रोफेसर व वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृ.वि.के., अन्ता, सदस्य, प्रबन्ध मण्डल
7. श्री रामधन रैगर, वित्त नियंत्रक, विशेष आमन्त्रित सदस्य
8. श्रीमति सुनिता डांगा, कुलसचिव एवं सचिव, प्रबन्ध मण्डल

उक्त बैठक में प्रमुख शासन सचिव (कृषि), प्रमुख शासन सचिव (पशुपालन), सचिव (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा), राजस्थान सरकार, जयपुर एवं इनके प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हो सके।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से विभिन्न कार्यसूचियों पर चर्चा उपरांत निम्न निर्णय लिए गए –

**बोम–23/2024/01:** **बाईसवीं प्रबंध मंडल की दिनांक 22.03.2024 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत।**

**निर्णय :** प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 22.03.2024 को आयोजित की गई बाईसवीं बैठक का कार्यवाही विवरण पुष्टि हेतु प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही विवरण पर कोई टिप्पणी न होने की दशा में सर्वसम्मति से स्वीकार कर पुष्टि की गई।

**बोम–23/2024/02:** **बाईसवीं प्रबंध मंडल की दिनांक 22.03.2024 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट।**

**निर्णय :** प्रबन्ध मण्डल की दिनांक 22.03.2024 को आयोजित की गई बाईसवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

**बोम–23/2024/03:** **21वीं विद्या परिषद की दिनांक 17.05.2024 को आयोजित बैठक की कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत।**

**निर्णय :** विद्या परिषद की इक्कीसवीं बैठक दिनांक 17.05.2024 को आयोजित की गई, बैठक का कार्यवाही विवरण प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसे अवलोकन उपरांत माननीय सदस्यों ने अनुमोदन किया गया, पारित निर्णय निम्न प्रकार है :

- कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की प्रशिक्षण नीति का अनुमोदन किया गया।

  (कार्रवाई : निदेशक मानव संसाधन विकास)

- विश्वविद्यालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ शिक्षक/प्रसार शिक्षाविद्/अनुसंधान वैज्ञानिक जैसे पुरस्कार प्रदान करने की प्रक्रिया/दिशानिर्देशों में संशोधन की मंजूरी।

  (कार्रवाई : निदेशक मानव संसाधन विकास)

- शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए संशोधित शुल्क संरचना की मंजूरी का अनुमोदन किया गया।

  (कार्रवाई : वित्त नियंत्रक)

- मिश्रित शिक्षा प्रणाली के कार्यान्वयन को मंजूरी देना

(कार्रवाई : निदेशक शिक्षा)

- एम.एससी./पीएचडी के तहत पंजीकरण की अनुमति के लिए तौर–तरीकों और दिशानिर्देशों को परिभाषित करने की मंजूरी।

(कार्रवाई : निदेशक शिक्षा)

- विद्या परिषद की 21वीं बैठक की अनुशंसा अनुसार कृषि संकाय के लिए पांचवी अध्ययन मण्डल के कार्यवाही का अनुमोदन।

(कार्रवाई : कुलसचिव/निदेशक शिक्षा/वित्त नियंत्रक/संकाय अध्यक्ष कृषि)

- उ॰वा॰महाविद्यालय, झालावाड़ के संकाय के लिए अध्ययन बोर्ड एवं पाठ्यक्रम समिति के पुर्नगठन को मंजूरी।

(कार्रवाई : अधिष्ठाता, उ॰वा॰, महा॰, झालावाड़)

- सहायक प्राध्यापक |(कृषि सांख्यिकी) पद के लिए न्यूनतम योग्यता में संशोधन की मंजूरी।

(कार्रवाई : निदेशक प्रसार शिक्षा/समन्वयक, भर्ती प्रकोष्ठ/कुलसचिव)

- विभिन्न विषयों की चयन समितियों के विशेषज्ञों के पैनल की सिफारिश की मंजूरी।

(कार्रवाई : निदेशक प्रसार शिक्षा/समन्वयक, भर्ती प्रकोष्ठ/कुलसचिव)

- सहायक प्राध्यापक स्टेज–1 (एएल–10) से सहायक प्राध्यापक स्टेज–2 (एएल–11) के लिए गैर–पीएचडी शिक्षकों का सीएएस के तहत व्यक्तिगत पदोन्नति के पात्रता मानदंडों को संशोधन की मंजूरी देना।

(कार्रवाई : निदेशक प्रसार शिक्षा/समन्वयक, भर्ती प्रकोष्ठ/कुलसचिव)

- 25 जून, 2024 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2022–23 के दौरान उत्तीर्ण हुए विभिन्न संकायों के स्नातकों को डिग्री प्रदान करने के लिए अनुमोदन और अनुग्रह पारित करने की मंजूरी।

(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

- स्नातक डिग्री कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के सभी संकायों के योग्य मेधावी स्नातकों को पुरस्कार देने के लिए स्वर्ण पदकों को मंजूरी देना और प्रदान करने की स्वीकृति। (कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

- शैक्षणिक सत्र 2022–23 के स्नातक डिग्री कार्यक्रमों में योग्य मेधावी स्नातकों को कुलपति स्वर्ण पदक को मंजूरी देना और 25 जून, 2024 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में इसे प्रदान करने की स्वीकृति।

(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

- उद्यानिकी, वानिकी और कृषि संकाय में डिग्री उत्तीर्ण करने के लिए अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले 34 मास्टर डिग्री धारकों को डिग्री प्रदान करने के लिए अनुमोदन और अनुग्रह पारित करने की स्वीकृति।

(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

- वर्ष 2023 के लिए सभी मास्टर डिग्री प्रोग्राम के लिए 25 जून, 2024 को आयोजित होने वाले विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में प्रदान किए जाने वाले विभागवार स्वर्ण पदक को मंजूरी देने की स्वीकृति।

(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

- वर्ष 2023 के लिए संपूर्ण मास्टर डिग्री कार्यक्रम के लिए कुलाधिपति के स्वर्ण पदक को मंजूरी देने की स्वीकृति।

(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

- वे डिग्री धारक, जिन्होंने विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में बागवानी संकाय (फल विज्ञान), वानिकी संकाय (सिल्विकल्चर और एग्रोफोरेस्ट्री) और कृषि संकाय (एग्रोनॉमी, प्लांट पैथोलॉजी) में डिग्री उत्तीर्ण करने की अपनी आवश्यकता पूरी कर ली है उन पांच पीएच.डी. धारकों को डिग्री प्रदान करने के लिए अनुग्रह को मंजूरी देना और पारित करने की स्वीकृति।

(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

- कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के स्नातक उपाधि प्रमाणपत्र के नवीन प्रारूप का अनुमोदन किया।

(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

- अकादमिक सत्र 2024–25 के लिए महाविद्यालयों में सीट मैट्रिक्स का अनुमोदन किया।

(कार्रवाई : संकाय अध्यक्ष, उद्यानिकी)

- विश्वविद्यालय में सहायक कुलसचिव के पद पर सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की

स्क्रीनिंग हेतु लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम अनुमोदित किया।

(कार्रवाई : निदेशक प्रसार शिक्षा/समन्वयक, भर्ती प्रकोष्ठ/कुलसचिव)

- विश्वविद्यालय में चालक एवं चालक टी–1 के पद पर सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग हेतु लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम अनुमोदित किया।

(कार्रवाई : निदेशक प्रसार शिक्षा/समन्वयक, भर्ती प्रकोष्ठ/कुलसचिव)

- कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के स्वर्ण पदकों एवं स्नातक डिग्री प्रमाणपत्र के नये प्रारूप की बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया।

(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

बोम–23/2024/04: **विश्वविद्यालय के सप्तम दीक्षांत समारोह में प्रदान की जाने वाली उपाधियों का ग्रेस पास।**

निर्णय :

विद्या परिषद की ईक्कीसवीं आयोजित बैठक दिनांक 17.05.2024 में एजेण्डा आईटम ए.यू.के./ए.सी.–21/2024–01/14, 17 एवं 20 में लिए गए निर्णयानुसार दिनांक 25.06.2024 (मंगलवार) को आयोजित सप्तम दीक्षान्त समारोह में सत्र 2022–23 में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को स्नातक 271, स्नातकोत्तर 34 एवं विद्यावाचस्पति 05, कुल 310 उपाधियां प्रदान किए जाने वाले ग्रेस पास का अनुमोदन माननीय सदस्यों द्वारा किया गया, जिनका विवरण निम्न प्रकार है :

स्नातक (उद्यानिकी में 51, वानिकी में 44 कृषि में 176 कुल 271 विद्यार्थियों को)

| S. No | Name of degree | Number of degrees 2022-23 | Total |
|---|---|---|---|
| 1. | Faculty of Horticulture | | |
| | B.Sc. (Honours) Horticulture | 51 | 51 |
| 2. | Faculty of Forestry | | |
| | B.Sc. (Honours) Forestry | 44 | 44 |
| 3. | Faculty of Agriculture | | |
| | B.Sc. (Honours) Agriculture | 176 | 176 |
| | Total | | 271 |

स्नातकोत्तर (उद्यानिकी में 09, वानिकी में 03 कृषि में 22 कुल 34 विद्यार्थियों को)

| S. No | Disciplines | Academic Session 2022-23 (Up to 31st Dec. 2023) | No. of Master's Degree Recipients |
|---|---|---|---|
| M.Sc. (Horticulture) | | | |
| 1. | Fruit Science | 04 | 04 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2. | Vegetable Science | 02 | 02 |
| 3. | Floriculture & Landscaping | 01 | 01 |
| 4. | Post Harvest Technology | 02 | 02 |
| **M.Sc. (Forestry)** | | | |
| 1. | Silviculture and Agroforestry | 03 | 03 |
| **M.Sc. (Agriculture)** | | | |
| 1. | Agronomy | 02 | 02 |
| 2. | Horticulture | 05 | 05 |
| 3. | Genetics and Plant Breeding | 06 | 06 |
| 4. | Soil Science and Agricultural Chemistry | 03 | 03 |
| 5. | Plant Pathology | 03 | 03 |
| 6. | Agricultural Extension and Comunication | 03 | 03 |
| | **Total** | | **34** |

विद्यावाचस्पति (उद्यानिकी में 01, वानिकी में 01 कृषि में 03 कुल 05 विद्यार्थियों को)

| S. No. | Disciplines | 2022-23 (Up to 31 Dec. 2023) | No. of Ph.D. Degree Recipients |
|---|---|---|---|
| **Faculty of Horticulture** | | | |
| 1. | Fruit Science | 01 | 01 |
| **Faculty of Forestry** | | | |
| 1. | Silviculture and Agroforestry | 01 | 01 |
| **Faculty of Agriculture** | | | |
| 1. | Agronomy | 01 | 01 |
| 2. | Plant Pathology | 02 | 02 |
| | **Total** | **05** | **05** |

(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

बोम–22/2024/05: विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले विभिन्न स्वर्ण पदकों का अनुमोदन।

निर्णय : विद्या परिषद की ईक्कीसवी आयोजित बैठक दिनांक 17.05.2024 में एजेण्डा आईटम ए.यू.के./ए.सी.–20/2024–01/15, 16, 18 एवं 19 में लिए गए निर्णयानुसार सप्तम दीक्षान्त समारोह में सत्र 2022–23 में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओ को प्रदान किए जाने वाले स्वर्ण पदक 08, कुलपति स्वर्ण पदक 01 एवं कुलाधिपति स्वर्ण पदक 01 कुल 10 स्वर्ण पदकों का अनुमोदन माननीय सदस्यों द्वारा किया गया, जिनका विवरण निम्न प्रकार है :

स्वर्ण पदक :

| पाठ्यक्रम (अकादमिक सत्र 2022–23) | छात्र/छात्राओं का नाम |
|---|---|
| विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) उद्यानिकी | सुश्री श्वेता चुघ |

| | |
|---|---|
| विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) वानिकी | संजय सैनी |
| विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) कृषि | युक्तेश औदिच्य |
| विज्ञान–निष्णात् (उद्यानिकी) फल विज्ञान | विश्वदीप बाल्यान |
| विज्ञान–निष्णात् (कृषि) उद्यान विज्ञान | सम्पत्ति यादव |
| विज्ञान–निष्णात् (कृषि) आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन | अश्विनी मेहता |
| विज्ञान–निष्णात् (कृषि) मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन | बरखा कुमारी वर्मा |
| विज्ञान–निष्णात् (कृषि) पादप रोग विज्ञान | मनराज धाकड़ |
| कुल | 08 |

कुलपति स्वर्ण पदक :

| पाठ्यक्रम (अकादमिक सत्र 2022–23) | छात्र / छात्राओं का नाम |
|---|---|
| विज्ञान–स्नातक (ऑनर्स) उद्यानिकी | सुश्री श्वेता चुघ |
| कुल | 01 |

कुलाधिपति स्वर्ण पदक :

| पाठ्यक्रम (अकादमिक सत्र 2022–23) | छात्र / छात्राओं का नाम |
|---|---|
| विज्ञान–निष्णात् (कृषि) अनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन | अश्विनी मेहता |
| कुल | 01 |

(कार्रवाई : परीक्षा नियंत्रक)

बोम–23 / 2024 / आर–01

**विश्वविद्यालय के पेंशनरों को पेंशन हेतु वर्ष 2019 में हस्तान्तरित राशि बाबत।**

विश्वविद्यालय के पेंशनरों को पेंशन राशि का भुगतान करने हेतु तथा पेंशन फण्ड में पर्याप्त राशि नही होने के कारण माननीय कुलपति के अनुमोदन से *दिनांक 13.12.2019 को पेंशन फण्ड में राशि 26102084/– (दो करोड़ इकसठ लाख दो हजार चौरासी रूपये मात्र)* का हस्तान्तरण कर पेंशनरो को पेंशन भुगतान की गई। उक्त राशि का हस्तान्तरण विश्वविद्यालय विकास कोष से किया गया।

निर्णय : महालेखाकार द्वारा उक्त राशि हस्तान्तरण राशि एवं पेंशन भुगतान के सम्बन्ध में बोर्ड ऑफ मैनेजमेण्ट से अनुमोदन हेतु आक्षेप गठित किया, जिसके पश्चात् प्रकरण को माननीय प्रबंध मंडल के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया तथा इस निर्णय को राज्य सरकार को सूचित कर पुनर्भुगतान की मांग की जावे।

(कार्रवाई : वित्त नियंत्रक)

बोम–23/2024/आर–02

विश्वविद्यालय के पेंशनरों को पेंशन हेतु वर्ष 2024 में हस्तान्तरित राशि बाबत।

निर्णय : विश्वविद्यालय के पेंशनरों को पेंशन राशि का भुगतान करने हेतु पेंशन फण्ड में पर्याप्त राशि नहीं होने तथा पेंशनरो को नियमित रूप से पेंशन के भुगतान किये जाने हेतु माननीय कुलपति से अनुमोदन उपरान्त विश्वविद्यालय के विकास कोष से राशि *2,00,00,000/– (दो करोड रूपये) का हस्तान्तरण दिनांक 03.05.2024* को पेंशन फण्ड में किया गया एवं उक्त राशि से पेंशनरो को पेंशन का भुगतान किया। उक्त राशि पेंशन फण्ड में हस्तान्तरण एवं हस्तान्तरित राशि से पेंशन भुगतान के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रबंध मण्डल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसे माननीय सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। साथ ही इस निर्णय को राज्य सरकार को सूचित कर पुनर्भुगतान की मांग की जावे।

(कार्यवाही : वित्त नियंत्रक)

बोम–23/2024/आर–03

विश्वविद्यालय द्वारा अन्य विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं से किए गए समझौता ज्ञापन **(MoU)** के अनुमोदन बाबत।

निर्णय : विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 एवं 2024 में अन्य विश्वविद्यालयों एवं संस्थाओं से किए गए समझौता ज्ञापनों (MoUs) को प्रबन्ध मंडल के माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकन हेतु प्रस्तुत किए गए, जिनका विवरण निम्नानुसार है :

- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं भा.कृ.अनु.प.–राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, तबीजी, अजमेर (दिनांक 20.09.2023)
- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं अर्ध–शुष्क उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद (दिनांक 20.10.2023)
- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली (दिनांक 25.10.2023)

- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर (दिनांक 01.02.2024)
- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं धनुका ग्रुप (धनुका एग्रीटेक लिमिटेड), नई दिल्ली (दिनांक 07.03.2024)
- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं भा॰कृ॰अनु॰प॰–राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, पूसा, नई दिल्ली (दिनांक 07.03.2024)
- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं जगन्नाथ विश्वविद्यालय, जयपुर (दिनांक 15.04.2024)
- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण, निगम लिमिटेड, कोटा ईकाई (दिनांक 30.05.2024)
- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं गोयल ग्रामीण विकास संस्थान, श्रीरामशान्ताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र कोटा (दिनांक 24.05.2024)
- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं जानकी देवी कन्या राजकीय महाविद्यालय, कोटा (दिनांक 12.02.2024)
- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं मोदी प्रबंधन एवं तकनीकी संस्थान महाविद्यालय, दादाबाड़ी, कोटा (दिनांक 31.05.2024)
- ✓ कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं रैक्सको एवं सत्य शशी रिन्यूएबल प्रा॰ लिमिटेड (दिनांक 05.09.2023)

प्रस्तुत समझौता ज्ञापनों (MoUs) का माननीय सदस्यों ने अवलोकन कर सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

(कार्रवाई : निदेशक, प्राथमिकता निगरानी एवं मूल्यांकन, कृ॰वि॰, कोटा)

बोम–23/2024/टेबल–01 माननीय कुलपति महोदय की अनुमति से

निर्णय : अपेक्षित नहीं।

अंत में, कुलसचिव एवं सचिव, प्रबंध मण्डल श्रीमति सुनिता डागा द्वारा उपस्थित सभी माननीय सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए आसन के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

श्रीमति सुनिता डागा
कुलसचिव एवं सचिव,
प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा

डॉ. ए. के. व्यास
कुलपति एवं अध्यक्ष,
प्रबन्ध मण्डल, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा